# बिहार विधान परिषद

(193 बिहार विधान परिषद् का शीतकालीन सत्र)

## 28 नवम्बर 2019

----

**[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह ].**

**20**

----

### कितने आवेदन अधिकृत

*73 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार में दृष्टिबाधित, मूक-बधिर, अस्थि दिव्यांगता, मानसिक रूप से दिव्यांग, मानसिक रोगी सहित अन्य दिव्यांगों की संख्या 23 लाख 31 हजार 09 हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा (1) को बिहार में लागू कर दिया है, जिसके साथ ही बिहार, देश में दिव्यांगजनों को यह अधिकार देने वाला पहला राज्य हो गया है, जिसके तहत दिव्यांगजनों की दीन-हीन तथा लाचार स्थिति को देखकर उन्हें सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार बतलायेगी कि इस अधिकार के तहत दिव्यांगजनों की ओर से सहायता की मांग के लिए अबतक कितने आवेदन अधिकृत अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये गये हैं और विभाग की ओर से कितने लाभान्वित हुए हैं ?

----

## जाम से निजात कबतक

***74 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनवरसा एवं परिहार प्रखंड के मुख्यालय में मुख्य सड़क पर बस स्टैंड रहने के कारण आमजनों को हमेशा जाम का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि जाम के कारण अन्य छोटे वाहनों यथा टेम्पो, रिक्शा इत्यादि के परिचालन में भी काफी बाधा होती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो उक्त प्रखंड मुख्यालय में जाम से निजात दिलाने हेतु प्रखंड मुख्यालय के समीप अन्यत्र आधुनिक बस स्टैंड का निर्माण कराना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

## कारगर एवं ठोस उपाय

***75 श्री दिलीप राय (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न मंदिरों, मठों एवं अन्य जगहों पर रखी गई सैकड़ों वर्ष पुरानी मूर्तियों की चोरी होने की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है ;

(ख) क्या यह सही है कि गृह विभाग इस अपराध को रोकने में सक्षम नहीं हो रहा और दोषी को पकड़ने में भी सक्रिय नहीं है ;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न बौद्ध स्तूपों की सुरक्षा व्यवस्था पर खतरा उत्पन्न हो रहा है ;

(घ) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के पस्टन नवटोली बौद्ध स्तूप की सुरक्षा खतरे में है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार इस दिशा में कारगर एवं ठोस उपाय करना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?

----

## पें ंशन में बढ़ोतरी

***76 डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(क) क्या यह सही है कि समाज कल्याण विभाग, बिहार द्वारा दिव्यागों को पेंशन देने का प्रावधान है, जिसमें पेंशन की राशि सरकार द्वारा बहुत कम निर्धारित है;

(ख) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार दिव्यागों की पेंशन राशि में बढ़ोतरी करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पार्क का निर्माण

***77 श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

**पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन :-**

क्या मंत्री, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के प्रसिद्ध थावे मंदिर के नजदीक विभाग द्वारा एक बड़े पार्क का निर्माण कराना था, जिसकी जमीन संबंधित कागजात एवं अनापत्ति प्रमाण-पत्र जिला प्रशासन द्वारा विभाग को समर्पित किया जा चुका है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार थावे मंदिर के समीप पार्क का निर्माण कराएगी,यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नहर की बांध पर सड़क निर्माण

***78 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**जल संसाधन :-**

क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नरकटियागंज के साठी बाजार में सवारियों का आवागमन इतना बढ़ गया है कि अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है ;

(ख) क्या यह सही है कि नरकटियागंज प्रखंड के धर्मपुर पुल से नहर के बांध पर पी.सी.सी. सड़क का निर्माण होने से साठी बाजार में जाम की स्थिति का समाधान हो

सकता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो खण्ड (ख) में वर्णित पी.सी.सी. सड़क का निर्माण सरकार कबतक कराने का विचार रखती है ?

----

## जाम से मुक्ति

*79 **श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बक्सर में वीर कुंवर सेतु एवं पटना में महात्मा गांधी सेतु पर भारी वाहनों का परिचालन बन्द होने, छपरा की तरफ से वाहनों का नियंत्रित परिचालन होने एवं हाजीपुर-छपरा पथ की स्थिति जर्जर होने के चलते आरा शहर में भारी वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त स्थिति के चलते पूरे आरा और कोईलवर पुल पर भी अक्सर महाजाम की स्थिति बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार आरा शहर और कोईलवर पुल को जाम से मुक्त कराने का विचार रखती है, अगर हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बस सेवा यथाशीघ्र

*80 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मोतिहारी जिलान्तर्गत विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप ऐतिहासिक स्थल केसरिया में है ;

(ख) क्या यह सही है कि खंड (क) में वर्णित स्थल पर बौद्ध शरणार्थियों का आवागमन सदैव होता रहता है ;

(ग) क्या यह सही है कि साहेबगंज से केसरिया होते हुए मोतिहारी जाने के लिए सरकारी बस सेवा चालू नहीं है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार केसरिया ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करने हेतु साहेबगंज से केसरिया होते हुए मोतिहारी जाने के लिए सरकारी बस सेवा यथाशीघ्र चालू करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## हरियाली हेतु उपाय

***81 श्री कृष्ण कुमार सिंह (विधान सभा):**

**पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन :-**

क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वन एवं पर्यावरण विभाग के अनुसार एक पेड़ के काटे जाने पर तीन पेड़ लगाने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि शहर को विकसित करने की आड़ में पेड़ काटे जा रहे हैं, पटना में वर्ष 2016-17 में 6764 पेड़ काटे गये और वर्ष 2017-18 में 1183 पेड़ काटे गये, लेकिन काटे गए पेड़ों के बदले तीन पेड़ नहीं लगाये गये ;

(ग) क्या यह सही है कि वर्ष 2015 में पेड़ स्थानांतरण योजना शुरू की गई थी, जिसके तहत ट्री प्लांटेशन मशीन का इस्तेमाल किया जाना था, इस मशीन से पेड़ को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाया जाना था, लेकिन यह योजना कागजों तक ही सीमित रह गई ;

(घ) क्या यह सही है कि पटना की हरियाली घटने से इसका असर भी दिखने लगा है, यहां का तापमान तेजी से बढ़ रहा है और हवा इतनी प्रदूषित हो चुकी है कि सांस लेना भी मुश्किल है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पटना में हरियाली लाने के लिए पटना में पौधे लगाने के साथ ट्री प्लांटेशन मशीन का उपयोग करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सिल्टेसन की सफाई

*82 **श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**जल संसाधन** क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- (क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले में दोन, तिरहुत, त्रिवेणी मुख्य नहरों में एवं उनके वितरणी, लघु वितरणी में गाद, सिल्टेसन भर जाने और कुछ वितरणी एवं लघु वितरणियो के ध्वस्त हो जाने से किसानों को फसलों की सिंचाई हेतु नहरों से पानी नहीं मिल पा रहा है ; (ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार दोन नहर, तिरहुत नहर, त्रिवेणी नहर एवं उनकी शाखाओं में भरे पड़े गाद, सिल्टेसन की सफाई तथा ध्वस्त वितरणी, उप वितरणी का जीर्णोद्धार कबतक कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वृद्धापेंशन चालू कबतक

*83 **श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महुआ प्रखंड के सभी पंचायतों के वृद्धापेंशन के लाभुकों को काफी दिनों से वृद्धावस्था पेंशन दिया जा रहा था ;

(ख) क्या यह सही है कि वृद्धावस्था पेंशन में नये नियम के अनुसार बैंक खाता एवं आधार कार्ड जमा करना था जिसे प्रखंड के सभी वृद्धापेंशनधारियों द्वारा करीब दो वर्ष पूर्व जमा कर दिया गया किन्तु उनलोगों का पेंशन दो वर्ष से नहीं दिया जा रहा है। वृद्धजन प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहे हैं किन्तु उनकी कोई नहीं सुन रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार प्रखंड के वृद्धापेंशन के सभी लाभुकों का पेंशन शीघ्र चालू कराते हुए उन्हें परेशान करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कटौती की राशि जमा कबतक

*84 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के कर्मचारियों के नये पेंशन स्कीम के तहत हुई कटौती की राशि मार्च, 2019 तक कर्मियों के पेंशन खाता में जमा नहीं किया गया है ;

यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अविलंब इस राशि को एन.पी.एस. खाता में जमा कराने का आदेश देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## अतिक्रमण से मुक्ति कबतक

*85 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना सदर के थाना अगमकुआं अन्तर्गत कुम्हरार नयाटोला स्थित कब्रिस्तान (खाता नं0-573, खेसरा नं0-735 रकबा, 97 डी.) की भूमि भू-माफिया द्वारा कब्जा करके पक्का बाउंड्री निर्माण एवं पानी का बोरिंग लगाया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को इस बात की सूचना देने के बावजूद भी अवैध निर्माण को रोका नहीं गया ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान को अवैध कब्जे से मुक्त कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*86 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के डुमरिया प्रखंड के पंचायत नन्दई, ग्राम-नन्दई में नदी के किनारे कब्रिस्तान है, जिसमें बाउंड्री नहीं रहने के कााााारणनदी के पानी से जमीन का कटाव होता जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान का बाउंड्री निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वाहन कर में परिवर्तन

***87 श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**परिवहन :-**

क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में वाहन के रजिस्ट्रेशन में जो मोटर वाहन कर लिया जाता है, वह वाहन के जीएसटी सहित मूल्य पर लिया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि जीएसटी सहित मूल्य पर वाहन कर लेने से दोहरा करारोपण होता है जिससे वाहन खरीदने वाले व्यक्ति दोहरा कर का भार वहन करते हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार वाहन कर अधिनियम में परिवर्तन कर जीएसटी रहित मूल्य पर मोटर वाहन कर लेने का प्रावधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## भुगतान की प्रक्रिया

***88 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समेकित वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (C.F.M.S) के तहत राज्य के नियोजित शिक्षकों का वेतन मद में आवंटन जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के अधीन डी.पी.ओ. (स्थापना) द्वारा Maker,checker एवं स्वयं Approver की भूमिका में बिल बनाकर कोषागार से ऑनलाइन निकासी कर प्रथमतः अपने खाते में लिये जाने का प्रावधान है ;

(ख) क्या यह सही है कि खण्ड 'क' की अनुपालित प्रक्रिया के पश्चात् डी.पी.ओ. (स्थापना) द्वारा विभिन्न बैंकों को शिक्षकों के नाम, खाता संख्या, राशि आदि विवरणी बैंक एडवाइस के रूप में भेजा जाता है तथा बैंक इसी संलग्न एडवाइस के अनुसार संबंधित नियोजन इकाइयों के बैंक खातों से होते हुए शिक्षकों के बैंक खातों में अन्तरित करते हैं जिस प्रक्रिया में जटिलता के कारण लगभग सप्ताह भर लग जाता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त दोनों ही खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वेतन भुगतान की प्रक्रिया को अत्यंत ही सरलीकृत करते हुए सीधे कोषागार से ही शिक्षकों

के बैंक खातों में राशि अंतरित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवाारी का कार्य

*89 **श्री तनवीर अख्तर (विधान सभा):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिला स्थित जन्दाहा में हजरत दीवान शाह की स्थित दयनीय एवं जर्जर है;

(ख) क्या यह सही है कि चहारदीवारी न रहने के भू-माफियाओं द्वारा उसकी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार हजरत दीवान शाह रह. की चहारदीवारी का निर्माण कार्य कराना चाहती है, साथ ही पूरे कब्रिस्तान क्षेत्र की चहारदीवारी का काम कबतक पूराकरेगी?

----

## अविलम्ब कार्रवाई

*90 **श्री राजन कुमार सिंह (स्थानीय प्राधिकार, औरंगाबाद):**

**गृह :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि समस्त औरंगाबाद जिला उग्रवाद से प्रभावित है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जिला के देव प्रखंड, मदनपुर प्रखंड में उग्रवादियों द्वारा लगभग प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी की हत्या या किसी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जाता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उग्रवादियों पर अविलंब कार्रवाई करना चाहेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## योजनाओं का निष्पादन

***91 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

**योजना एवं विकास :-**

क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के तहत विधायकों / विधान परिषद् द्वारा अनुशंसित योजनाओं को 45 दिनों के अंदर कार्य प्रारंभ करने का प्रावधान है, परन्तु प्रावधान के तहत कार्यवाही नहीं की जा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के सभी जिलों में अधिकतर योजना वर्षों से लंबित है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं का निष्पादन कितने दिनों तक करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## कुपोषण को बढ़ावा

***92 श्री सतीश कुमार (विधान सभा):**

**समाज कल्याण :-**

क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा गर्भवती माताओं में मृत्युदर कम करने एवं कुपोषण दूर करने के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम से खिलवाड़ कर एक्सपायर नमक कल्याण प्लस नामक नमक का वितरण करवा रही है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की मिलीभगत से खतरनाक कार्य को अंजाम देकर सरकार के कार्यक्रमों को फेल करने की साजिश है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गर्भवती माताओं में मृत्यु दर कम करने एवं कुपोषण दूर करने तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक्सपायरी नमक का इस्तेमाल कर बच्चों में कुपोषण को बढ़ावा देने वालों पर कार्रवाई करना चाहती है, हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----